1. क्या तुम 5 बार 3 का इस्तेमाल करके 10 ला सकते हो?

2. एक ऐसी संख्या बताओ जिसके अंकों का जोड़ उस संख्या से छह गुना कम है।

3. इन शब्दों को ध्यान से देखो।

कटहल, अदालत, सरहद, पेटीकोट

ये सभी शब्द दो अलग-अलग सार्थक शब्दों से मिलकर बने हैं जैसे - कट और हल, अदा और लत। क्या तुम ऐसे ही 10 शब्द और ढूँढ सकते हो?

4. तीन अक्षर का एक ऐसा शब्द बताओ जिसे कोई **गलत** कहे तो भी वह सही होता है।

5. तुम्हारे पास सिर्फ लोहे की दो छड़ें हैं। जिनमें से एक चुम्बक है। आसपास और कुछ भी नहीं है। तो तुम कैसे पता लगाओगे कि कौन-सी छड़ चुम्बक है?



6. अगर नीला गुब्बारा हरे गुब्बारे से बड़ा है और लाल गुब्बारा नीले गुब्बारे से छोटा है तो क्या यह कह सकते हैं कि हरा गुब्बारा लाल गुब्बारे से बड़ा है?

7. मेरी दोस्त माही ने एक आयताकार डिब्बे की छहों सतहों पर या तो लाल या हरा कागज़ चिपका दिया। उसका कहना है कि ऐसा करने के बाद एक ही रंग की कोई भी दो सतहें आपस में नहीं मिलतीं। क्या ऐसा हो सकता है?

8. एक खाली डलिया में तुम कितने अण्डे रख सकते हो?

9. किसका वज़न ज़्यादा होगा एक किलो पंख का या फिर एक किलो ईंट का?

10. वो क्या है जिसका खुद का तो कोई वज़न नहीं होता लेकिन वह पूरे जहाज़ को डुबो सकता है?

11. स्कूल का पहला दिन था और क्लास में कुछ नए बच्चे आए थे। सारे बच्चे आपस में पहचान कर रहे थे। और हाँ, हाथ भी मिला रहे थे। हर एक बच्चे ने बाकी सभी बच्चों से हाथ मिलाया। अगर क्लास में कुल 9 बच्चे हों तो क्या तुम बता सकते हो कि कुल कितनी बार हाथ मिलाया गया होगा?